ಭಾ.ಕೃ.ಅನು.ಪ – ಭಾರತೀಯ ತೋಟಗಾರಿಕೆ ಸಂಶೋಧನಾ ಸಂಸ್ಥೆ
ಹೆಸರಘಟ್ಟ ಕೆರೆ ಅಂಚೆ, ಬೆಂಗಳೂರು–560089.
भा.कृ.अनु.प–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान
हेसरघट्टा लेक पोस्ट, बेंगलूरु – 560089
**ICAR-Indian Institute of Horticultural Research**
**Hesaraghatta Lake Post, Bengaluru - 560089**



# ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ತೋಟಗಾರಿಕಾ ಮೇಳ

ಗ್ರಾಮೀಣ ಸಮೃದ್ಧಿಗಾಗಿ ತೋಟಗಾರಿಕೆ

# राष्ट्रीय बागवानी मेला

ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बागवानी

## Jan 23-25, 2019

# National Horticultural Fair - 2019

*Horticulture for Promoting Rural Prosperity*



SOCIETY FOR PROMOTION OF HORTICULTURE

राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड
NATIONAL HORICULTURE BOARD

ಸ್ಥಳ: ಐ.ಸಿ.ಎ.ಆರ್ – ಐ.ಐ.ಎಚ್.ಆರ್ ಆವರಣ, ಹೆಸರಘಟ್ಟ–560089
स्थान : भा.कृ.अनु.प. – भा.बा.अनु.सं., हेसरघट्टा, बेंगलूरु – 560089
**Venue : ICAR-IIHR, Hesaraghatta, Bengaluru-560089**

## राष्ट्रीय बागवानी मेला 2019

भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान की स्थापना 1967 को भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के अधीन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तहत की गई। यह संस्थान फलों, सब्जियों, शोभाकारी, औषधीय व सुगंधित पौधों तथा खुम्ब की उच्च उपजवाली, कीट व रोग–प्रतिरोधी किस्मों के विकास के माध्यम से देश में बागवानी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थान ने जल एवं पोषकतत्व प्रबंधन, जलवायु–समुत्थानशीलता, जैव एवं अजैव दाबों के प्रति सहनशीलता, मृदा एवं पौध–स्वास्थ्य प्रबंधन, सस्योत्तर प्रबंधन, मूल्य–संवर्धन एवं प्रक्षेत्र–यंत्रीकरण आदि पर कई प्रौद्योगिकियाँ विकसित की हैं।

## राष्ट्रीय बागवानी मेले के बारे में

भा.कृ.अनु.प.–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, हेसरघट्टा, बेंगलूरु जनवरी 23–25, 2019 के दौरान सोसाइटी फॉर प्रोमोशन ऑफ हॉर्टिकल्चर, बेंगलूरु; बागवानी विभाग, कर्नाटक सरकार; राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, गुरुग्राम और नारियल विकास बोर्ड (कृषि एवं सहकारिता विभाग, नई दिल्ली) के सहयोग से एक राष्ट्रीय बागवानी मेला आयोजित कर रहा है।

## राष्ट्रीय बागवानी मेले का उद्देश्य

- प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन तथा अन्य प्रदर्शिनियों के माध्यम से बागवानी के नवाचारों के बारे में जानकारी का आदान–प्रदान।
- कृषक समुदाय से परिचर्चा हेतु बागवानी–क्षेत्र के विभिन्न सेवादाताओं, जैसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, विकास विभाग, निजी उद्योग, वित्तीय संस्थाएं, गैर–सरकारी संगठन, कृषक उत्पादक संगठन और बाज़ार पदाधिकारियों को एक ही मंच पर लाना।
- बागवानी–प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रसार के लिए बागवानी की उभरतीय चुनौतियों पर वैज्ञानिकों–किसानों–साझेदारों के बीच परिचर्चा।

## राष्ट्रीय बागवानी मेले की विशेष गतिविधियाँ

- उन्नत किस्मों और प्रौद्योगिकियों का सजीव प्रदर्शिनी
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, विकास विभागों सहित सरकारी संगठनों, गैर–सरकारी संगठनों और निजी उद्योगों के स्टालों के द्वारा प्रदर्शन।
- बगवानी की उभरती चुनौतियों और इनके समाधानों पर कृषक–वैज्ञानिक परिचर्चा सत्र।
- भा.कृ.अनु.प.–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान और कृषि–उद्यमियों के उत्पादों का विक्रय।
- बागवानी के क्षेत्र में योगदान के लिए नवाचारी किसानों का सम्मान।

## राष्ट्रीय बागवानी मेले में शामिल विषय

- फलों, सब्जियों, शोभाकारी, औषधीय व सुगंधित फसलों, खुम्ब, रोपण फसलों और मसाला फसलों की उत्पादन व संरक्षण प्रौद्योगिकियाँ।
- पौधशाला और रोपण सामग्रियाँ प्रदान करने वाले उद्योग
- संरक्षित खेती
- बागवानी–आधारित मिश्रित खेती
- सस्योत्तर प्रौद्योगिकी एवं मूल्य–संवर्धन
- बागवानी में यंत्रीकरण

**प्रदर्शन रूपरेखा और विक्रय**

- बीज एवं रोपण सामग्रियाँ
- भा.कृ.अनु.प.–कृ.प्रौ.सू. केंद्र की सेवाएं और उत्पाद
- खाद्य–प्रसंस्करण और पैकेजिंग
- अनुसंधान एवं विकास
- बाज़ार पदाधिकारी
- वित्तीय संगठन
- कीट नाशक
- उद्यान साधन–सामग्रियाँ
- टिशू कल्चर / पौधे
- सिंचाई प्रणालियाँ
- हरित गृह एवं निर्माण सामग्रियाँ
- जैविक खेती और फर्टिगेशन प्रणाली
- कृषि–निर्यात सेवाएँ
- पौध पोषक तत्व
- पौध–वृद्धि संशोधक
- सरकारी, अर्ध–सरकारी, गैर–सरकारी संगठन
- स्त्री–शक्ति समूह, स्वयं सहायता समूह,
- कृषक हितैषी समूह, कृषक उत्पादक संगठन
- व्यवसाय इन्क्युबेशन प्रक्रिया

## प्रदर्शन स्टाल

राष्ट्रीय बागवानी मेला–2019 में 10' x 10' आकार के 130 हाई–टेक स्टाल होंगे। स्टाल का प्रभार तीन दिनों के लिए रु.10,000/ + 18% जीएसटी है और स्टाल की बुकिंग पंजीकरण प्रपत्र के साथ स्टाल प्रभार जमा कर दिसंबर 20, 2018 तक करनी चाहिए। पौधशाला, पशुओं और यंत्रों के प्रदर्शन के लिए 10' x 10' के आकार के शामियाना स्टाल उपलब्ध किए जाएँगे। स्टाल की बुकिंग के लिए डॉ. टी.एस. अघोरा, प्रधान वैज्ञानिक,भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं.(ई–मेलःAghora.TS@icar.gov.in;tsaghor@gmail.com;मोबाइलः+91–9986100079) से संपर्क करें।

## प्रकाशन

इस अवसर पर एक ''बागवानी निदेशिका'' प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें बागवानी संबंधी प्रतिष्ठानों / कंपनियों के पते शामिल होंगे। इच्छुक प्रतिष्ठान, कंपनियाँ, पौधशालाएँ, आदि अपना प्रोफाइल और उत्पादों का विवरण का विज्ञापन निदेशिका में दे सकती हैं। निदेशिका में विज्ञापन देने के लिए प्रभार निम्नलिखित है :

1. पिछला आवरण पृष्ठ (रंगीन) – रु. 1.0 लाख
2. पिछले आवरण के अंदर का पृष्ठ (रंगीन) – रु. 0.5 लाख
3. अंदर का पूरा पृष्ठ (रंगीन) – रु. 0.25 लाख
4. अंदर का आधा पृष्ठ (रंगीन) – रु. 0.15 लाख

निदेशिका में विज्ञापन के लिए कृपया डॉ. सी. अश्वथ, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं.
(ई–मेलः Aswath.C@icar.gov.in; aswathiihr@gmail.com; मोबाइलः+91–9902522229) से संपर्क करें।

## प्रायोजन

इच्छुक व्यक्तियों / संगठनों / निजी प्रतिष्ठानों / उद्योगों / गैर–सरकारी संगठनों से निम्नलिखित श्रेणियों में प्रायोजन आमंत्रित हैं

- प्लैटिनम : 3.0 लाख
- गोल्ड : 2.0 लाख
- सिल्वर : 1.0 लाख

**प्रत्येक प्रायोजक को निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी :**

क) प्लैटिनम और गोल्ड श्रेणी के प्रायोजकों के लिए 10' x 10' आकार के दो हाई–टेक स्टाल दिए जाएँगे और नाम व लोगो मेले के महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा 'बागवानी निदेशिका' में भी प्रकाशित किया जाएगा।

ख) सिल्वर श्रेणी के प्रयोजकों के लिए 10' x 10' आकार का स्टाल दिया जाएगा और नाम व लोगो मेले के महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा 'बागवानी निदेशिका' में भी प्रकाशित किया जाएगा।

अदाता के खाते में जमा करने हेतु सोसाइटी फॉर प्रोमोशन ऑफ हॉर्टिकलचर के नाम बेंगलूरु में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्टाल, विज्ञापन और प्रयोजन संबंधी भुगतान किया जा सकता है। डिमाण्ड ड्राफ्ट सचिव, सोसाइटी फॉर प्रोमोशन ऑफ हॉर्टिकलचर, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु को पंजीकृत डाक के माध्यम से भिजवाया जाए। भुगतान एनइएफटी/आरटीजीएस के द्वारा भी किया जा सकता है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:

लाभार्थी का नाम : सोसाइटी फॉर प्रोमोशन ऑफ हॉर्टिकल्चर, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु; बेंगलूरु में देय
बैंक खाता सं. : 1805606747; एमआइसीआर सं. 560016044; आइएफएससी कोडः सीबीआइएन–0283973
बैंक का नाम व पता : सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईआईएचआर, हेसरघट्टा लेक पोस्ट, बेंगलूरु–560 089
कृपया ध्यान दें : बाहरी स्थानों का चेक स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## स्थान : भा.कृ.अनु.प.–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलूरु

भा.कृ.अनु.प.–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान हेसरघट्टा में स्थित है, जो बेंगलूरु शहर से 25 कि.मी. दूर है, जो 263 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है, जहाँ अनुसंधान व प्रदर्शन गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। यह देश में बागवानी अनुसंधान का एक प्रमुख संस्थान है। संस्थान आने–जाने के लिए बेंगलूरु महानगर परिवहन निगम की बस सेवाएँ हैं।

## आयोजन समिति

डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, मुख्य संरक्षक, सचिव, डेयर तथा महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली
डॉ. ए.के. सिंह, संरक्षक, उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली
डॉ. एम.आर. दिनेश, अध्यक्ष, निदेशक, भा.कृ.अनु.प.–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलूरु
डॉ. आरिज़ अहमद, प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, गुरुग्राम
डॉ. बी.एन. श्रीनिवास मूर्ति, बागवानी आयुक्त, कृषि एवं सहकारिता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली
श्री वाय.एस. पाटील, निदेशक, बागवानी विभाग, कर्नाटक सरकार, बेंगलूरु
डॉ. ए.टी. सदाशिव, आयोजन सचिव, विभागाध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु
डॉ. टी.एस. अघोरा, सदस्य सचिव, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु
डॉ. सी. अश्वथ, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु एवं महा सचिव, एस.पी.एच., बेंगलूरु
डॉ. एम.वी. धनंजय, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु
डॉ. एस.एस. हेब्बार, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु
डॉ. सी.के. नारायण, प्रभारी, पी.एम.ई. प्रकोष्ठ एवं प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु
डॉ. आर. वेंकटकुमार, विभागाध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु
डॉ. बी. नारायणस्वामी, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प.–भा.बा.अनु.सं., बेंगलूरु

**डॉ. एम.आर. दिनेश, अध्यक्ष**, आयोजन समिति
निदेशक, भा.कृ.अनु.प.–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलूरु – 560089
दूरभाष : 080–23086100; फैक्स : 080–28466291
ईमेल : director.iihr@icar.gov.in
वेबसाइट : http://www.iihr.res.in

अधिक जानकारी के लिए तथा राष्ट्रीय बागवानी मेले में पंजीकरण के लिए कृपया संपर्क करें :

**डॉ. ए.टी. सदाशिव, आयोजन सचिव**
प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, सब्जी फसल विभाग,
भा.कृ.अनु.प. – भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलूरु – 560 089
ईमेल : Sadashiva.AT@icar.gov.in; मोबाइल : 9845097472

**डॉ. टी.एस. अघोरा, सदस्य सचिव**
प्रधान वैज्ञानिक, सब्जी फसल विभाग,
भा.कृ.अनु.प. – भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलूरु – 560 089
ईमेल : Aghora.TS@icar.gov.in
दूरभाष : 080-23086100, विस्तार – 280; मोबाइल : 9986100079